
# टीडीआई ग्रुप के विख्यात प्रोजेक्ट एम्परर स्क्वेयर की लांचिंग



**सोनीपत.** टीडीआई ग्रुप ने टीडीआई सिटी, कुंडली में एम्परर स्क्वेयर लांच किया है, जो एक बिल्ट-अप एससीओ कॉम्पलैक्स है। इस स्टेट ऑफ आर्ट व्यापारिक केन्द्र की अवधारणा एक ऐसे व्यापारिक स्थान को सुस्थापित करने की है, जो शांत हरे-भरे क्षेत्र में एक एक्सक्लूसिव मनोरंजन जोन के बीच स्थित हो। इसमें 204 से 300 वर्ग गज के ऑफिस कम रिटेल यूनिट होंगी, जिनमें 24 घंटे सिक्योरिटी, सुंदर ग्लास फैकेड, विट्रीफाइड टाइल्स फर्श, पर्याप्त पार्किंग का स्थान एवं सभी श्रेणियों के मुख्य रिटेल ब्रांड और सभी प्रमुख बिजनेस घरानों के कार्यालय होंगे। इस अवसर पर टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एवीपी मार्केटिंग सोनिया कथूरिया ने कहा कि टीडीआई ने हमेशा अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं देने में गर्व महसूस किया है और इसी को जारी रखते हुए हमने एक बेजोड़ एससीओ कॉम्पलैक्स एम्परर स्क्वेयर की घोषणा की है, जो भारत में पारंपरिक मार्केट की पुर्नव्याख्या करेगा। यह अपने उपभोक्ताओं को उच्चस्तरीय शॉपिंग प्रदान करेगा और टीडीआई सिटी, कुंडली के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के निवासियों की भविष्य की व्यापारिक जरूरतों को पूरी करेगा, इसका सम्पूर्ण डिजाइन इंडोर और आउटडोर रिटेल अनुभव के समन्वय पर आधारित है, जो आउटडोर खुले क्षेत्र में इंडोर शॉपिंग का आनंद देगा। 1500 एकड़ के एकीकृत टाउनशिप टीडीआई सिटी कुंडली का एम्परर स्क्वेयर एक प्रतिष्ठित प्रोजैक्ट है, जो आधुनिक शहरी लाइफस्टाइल के सभी तत्वों, जैसे क्लब, अस्पतालों और स्कूलों जैसी नागरिक सुविधाओं के साथ स्थापित है। कुंडली लोगों के लिए निवेश का अगला हॉट स्थान है, क्योंकि यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकट स्थित है और इसके निकट कुंडली, मानेसर एक्सप्रैस वे, 5000 एकड़ राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, 6 लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग 1, प्रस्तावित मैट्रो, आईटी पार्क एवं खाद्य तकनीकि उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान स्थित हैं।